# गूगल मेप से मंदिर ढूंढकर चोरी-डकैती के आरोपी पकड़े

**पाली**, (नि.सं.)। गूगल मेप के जरिए मंदिर ढूंढकर वहा दिन में रैकी करने के बाद रात को मंदिर में चोरी-डकैती की वारदात को अंजाम देने वाली शातिर गैंग के पांच बदमाशों को पकड़ने में पाली पुलिस ने कामयाबी हासिल की। गैंग मुख्य अभी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुए है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पाली, जालोर और सिरोही जिलों में 40 से ज्यादा मंदिरों में चोरी की वारदातें करना स्वीकार की।

चूनाराम जाट ने बताया कि पाली जिले के रानी थाना क्षेत्र के बिजोवा गांव में 11-12 जनवरी की रात को मामाजी के थान पर पांच-छह बदमाश धारदार हथियार लेकर चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए घूसे। डॉग के भौंकने से मंदिर परिसर में बने कमरे में सो रहे पुजारी की नींद खुल गई। वे जैसे ही कमरे से बाहर आए। सभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और बेरहमी से मारपीट की। उसके बाद मंदिर से सोने-चांदी के गहनों सहित पुजारी के पहने गहने, मोबाइल लूटकर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर घायल पुजारी को ग्रामीण सुबह उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।जहां उनका उपचार शुरू किया गया।

सीओ बाली राजेश यादव ने बताया कि मामले में गैंग के नाना थाना क्षेत्र के ऊपरी पानी निवासी 20 साल के भरत पुत्र कानाराम, पीपला (बाली) निवासी 21 साल के बदाराम पुत्र दानाराम, डींगा पीपला (बाली) निवासी 27 साल के

भारताराम पुत्र चूनाराम, उदयपुर जिले के तरावला (बेकरिया) निवासी 20 साल के कूसाराम पुत्र तीसाराम और पाली जिले के नाणा थाना क्षेत्र के भीमाणा उबरी पानी निवासी 20 साल के भरत पुत्र कमलाराम को गिरफ्तार किया। मामले में गैंग का मुख्य आरोपी पाली जिले के भारला नाणा निवासी 23 साल का भेराराम पुत्र सोनाराम फरार चल रहा है। जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।

रानी थाने के पन्नालाल ने बताया कि पुलिस ने घटना को लेकर 100 से ज्यादा पॉइंट पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें वारदात वाली रात को मंदिर परिसर में लगे। सीसीटीवी फुटेज भी शामिल है। फुटेज में नजर आया था कि एक आरोपी के पैर में चोट लगी हुई है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी आधार आरोपियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग जगह से पकड़ा। इसकी भनक लगने पर मुख्य आरोपी भेराराम फरार हो गया। जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमें है और रानी खीमावत ट्रस्ट की चोरी की वारदात में भी वह शामिल था।



पाली पुलिस ने गूगल मेप के जरिए मंदिर ढूंढकर रैकी करने के बाद मंदिर में चोरी-डकैती की वारदात को अंजाम देने वाली शातिर गैंग के पांच बदमाश पकड़े। फोटो-राष्ट्रदूत

## पाथेय कण का सम्मेलन हुआ

**सांचौर**, (नि.सं.)। राष्ट्रीय विचारों की जागरण पत्रिका पाथेय कण पत्रिका के पाठकों का सम्मेलन गुरूवार को सांचौर शहर में स्थित आदर्श विद्या मंदिर, सुभाष नगर में कमालपुरा मठाधिश श्री भारतनाथजी महाराज की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख पंकज कुमार के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मां भारती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर, पुष्पांजलि अर्पित की एवं सांचौर नगर प्रचार प्रमुख विनोद कुमार द्वारा पाथेय कण पत्रिका के इतिहास संबंधित जानकारी की प्रस्तुती से हुई। संघ के जिला प्रचार प्रमुख डॉ. ओ.पी. डारा द्वारा पाथेय कण पत्रिका के उद्देश्य एवं लक्ष्य पर चर्चा करते हुए बताया गया की "पाथेय कण एक राष्ट्रीय पत्रिका है जो पिछले 39 वर्षों से प्रकाशित हो रही है। यह पत्रिका राष्ट्रीय विचारों की सजग प्रहरी के रूप में जानी जाती है और विभिन्न विषयों जैसे समाचार, सम सामयिकी आलेख, साहित्य, घर-परिवार, विशेष-रिपोर्ट, धर्म-संस्कृति, पुस्तक/फिल्म समीक्षा, बाल-संस्कार आदि पर सामग्री प्रस्तुत करती है। मुख्य वक्ता एवं जोधपुर प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख पंकज कुमार रहे।

# जालोर में माली सैनी संदेश के कैलेंडर का विमोचन



जिला कलैक्टर प्रदीप के गावंडे ने जालोर में माली सैनी संदेश के कैलेंडर का विमोचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (का.सं.)। जिला कलैक्टर प्रदीप के गावंडे ने बुधवार को जालोर में माली सैनी संदेश के कैलेंडर का विमोचन किया।

महात्मा ज्योतिबा फुले जागृति मंच के प्रदेश सचिव नाथू सोलंकी ने बताया कि हर वर्ष की भांति छापे जाने वाले इस कैलेंडर में भारतीय काल गणना एवं नववर्ष प्रतिपदा संबंधित जानकारी त्यौहार महात्माओं के चित्र जयंतियां सहित विभिन्न तिथियां का समावेश किया गया है।

इस कैलेंडर के माध्यम से समाज की गतिविधियों को भी आम जनता तक पहुंचा जा सकेगा।

संत लिखमीदास मंदिर सेवा समिति जालोर अध्यक्ष सुरेश सुंदेशा, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, माली ठाकुरद्वारा पांच पट्टी के परामर्शदाता दिनेश महावर, माली समाज सेवा संस्थान के मंत्री अनिल गहलोत, प्रसार मंत्री हुकमूचंद सोलंकी,कृषि मंडी के पूर्व निदेशक रमेश माली, गुरुकुल क्लासेज के राजकुमार, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण चौहान,एडवोकेट उत्तम गहलोत, समाजसेवी रमेश सोलंकी सहित माली समाज के प्रतिनिधि की उपस्थिति में कलेक्टर द्वारा कैलेंडर का विमोचन किया गया।

# 'सहकारी से समृद्धि' विषय पर कार्यशाला आयोजित



बापू नगर कॉलोनी जालोर स्थित जालोर केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रधान कार्यालय में कार्यशाला हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. जालोर में सहकारी शिक्षा प्रबंधन संस्थान जयपुर द्वारा "सहकार से समृद्धि" विषय पर बुधवार को बापू नगर कॉलोनी जालोर स्थित जालोर केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रधान कार्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला में सहकारी शिक्षा प्रबंधन संस्थान जयपुर के प्रोफेसर डॉ. राम आचार्य ने जिले में समिति के व्यवस्थापकों एवं संचालक मण्डल सदस्यों को सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने सहकारी समितियों को भारत सरकार द्वारा हाल ही में गठित बहुराज्यी सहकारी समितियों, राष्ट्रीय निर्यात निगम लि., राष्ट्रीय बीज निगम लि. व राष्ट्रीय जैविक सहकारी समिति निगम लि. के सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में सभी संभागियों को केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह चारण, उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान व अतिरिक्त अधिशसी अधिकारी सुभाषचन्द्र जीनगर ने भी संबोधित करते हुए सहकारी समितियों को सहकारी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए आगे होकर कार्य करने की आवश्यकता बताई।

## कार्यशाला हुई

**जालोर**, (का.सं.)।जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा राजस्थान मरू उड़ान के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत साइबर अपराध एवं डिजिटल साक्षरता में जागरूकता को लेकर डीओआईटी एवं पुलिस विभाग के समन्वय से आयोजन किया गया।

सहायक निदेशक लक्ष्मण सिंह सिलोर ने बताया कि आधुनिक युग में अपराध करने की दुष्प्रवत्ति मल्टमीडिया को आधार बनाकर लोगो के जीवन को प्रभावित किया हैं। जिसमें आमजन को जागरूक होना आवश्यक हैं। डीओआईटी सयुक्त निदेशक दिनेश कुमार ने बताया कि डिजिटल साक्षरता एवं मल्टीमीडिया का सही प्रयोग करके इन्हे अपराधों से बचाया जा सकता हैं।

पुलिस विभाग से साइबर अपराध को लेकर मोहनलाल ने बताया कि साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटोर्नस में अपराधों में सुझबुझ से काम करतें हुए बचा जा सकता हैं। चम्पालाल ने बताया कि वाट्सऐप एवं मल्टीमीडिया में प्राइवेसी व अन्य चीजों में सुधार करके फर्जी विडियो कॉल से बचा जा सकता हैं। अपराध पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं साइबर पोर्टल या थाने में शिकायत दर्ज करवाकर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपराधों से बचाव उपचार है।

# महिलाएं उतरी सड़कों पर, पेड़ बचाने के लिए

**सांचोर**, (नि.सं.)। सोलर कंपनियों द्वारा राजस्थान के विभिन्न भागों में राज्य वृक्ष खेजड़ी तथा अन्य वृक्षों की अवैध कटाई को रोकने और राजस्थान ट्री प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग को लेकर आज सांचौर पूर्णतया बंद रहा । बिश्नोई समाज के साथ अन्य सर्वसमाज के पर्यावरण प्रेमियों ने इस बंद और चेतना रैली में बढ़ चढ़कर बड़ी संख्या में भाग लिया । महिलाएं बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरी और सर पर पेड़ बचाने की पट्टी लगाकर सरकार को चुनौती दी कि वह सिर काट सकती है मगर पेड़ों की कटाई बंद करनी होगी।

राजस्थान के पर्यावरण प्रेमी पिछले 196 दिनों से प्रकृति बचाओ आंदोलन चला रहे हैं इसके लिए बीकानेर जिले की कोलायत तहसील के गांव नोखा दहिया खेजड़ला की रोही में अनिश्चित कालीन धरना चल रहा है उसका समर्थन करने के लिए सांचौर के पर्यावरण प्रेमियों ने कल एक मीटिंग रखकर 29 जनवरी को संपूर्ण बंड की घोषणा की थी। जिसके तहत आज सांचौर पूर्णतया बंद रहा। मार्केट में एक भी दुकान नहीं खुली लोगों ने बढ़ चढ़कर पर्यावरण बचाने की रैली में भाग लिया अमृता देवी सर्कल से मुख्य बाजार होते हुए उपखंड अधिकारी कार्यालय सांचौर तक विशाल रैली निकाली गई जिसमें डीजे की संगीत धुन के साथ पर्यावरण प्रेमी नाचते गाते,नारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाओं सहित सभी लोगों ने अपने सिर पर टोपिया व पट्टियां लगा रखी थी जिन पर लिखा हुआ था सिर साटै रूंख रहे तो भी सस्तो जाण। ऐसी ही एक टोपी राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने भी लगा रखी थी और भीड़ में शामिल हुए। सभी ने नारे लगाए पेड़ कटाई बंद करो, पेड़ सुरक्षा कानून बनाओ, राजस्थान सरकार होश में आओ के नारो से गूंजा पूरा सांचोर।

रैली के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम विस्तृत ज्ञापन दिया गया जिसमें पेड़ कटाई पूर्णतया बंद करने,पेड़ सुरक्षा कानून बनाने, पर्यावरण और प्रकृति को बचाने की मांग की गई ।

अखिल भारतीय बिश्नोई महा सभा जालोर, पर्यावरण एवं जीवरक्षा संस्था जालोर, अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा जालोर,श्री जम्भेश्वर पर्यावरण एवं जीवरक्षा प्रदेश संस्था या राजस्थान,श्री अमृता देवी जीव रक्षा धमाणा, बिश्नोई व्यापार महासंघ सांचौर,श्री जम्भेश्वर पर्यावरण एवं वन्य जीव संस्था सांचौर,हिरण कमांडो 29 ठ्ठुप सांचौर राजस्थान,श्री अमृता देवी शिक्षण संस्थान सांचौर तथा सभी संस्थाओं के बैनर तले आयोजन हुआ। आज रैली अमृता देवी सर्किल से जाट धर्मशाला, माली धर्मशाला, सेन धर्मशाला, बिशनोई धर्मशाला, चौधरी धर्मशाला, विवेकानंद सर्किल, दरबार चौक से उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर नारों के साथ ज्ञापन दिया।

हजारों की संख्या मे किसानों, कर्मचारियों, वकीलों, व्यापारियों, ने भागीदारी की सभी ने एक ही स्वर में यथाशीघ्र राजस्थान ट्री प्रोटेक्शन एक्ट बनाकर पेड़ कटाई बंदी कराई जावे।

## वार्डन व कोच चयन के लिए साक्षात्कार 31 को

**जोधपुर**, (कासं)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के विभागीय छात्रावासों में वार्डन एवं कोच के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापन के इच्छुक अभ्यर्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार) 31 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (माडा) जोधपुर के अतिरिक्त आयुक्त (चतुर्थ) डॉ. राजेश गोयल ने बताया कि इस साक्षात्कार के लिए जिन आवेदनकर्ताओं द्वारा जोधपुर, जैसलमेर, जालोर व बाड़मेर जिले के छात्रावासों व प्रवासीय विद्यालयों के लिए आवेदन किया गया है, उनके साक्षात्कार, अतिरिक्त आयुक्त (चतुर्थ), जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (माडा) कार्यालय सेक्टर 8 कुड़ी हाउसिंग बोर्ड में शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे से आयोजित होंगे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने पथमेड़ा में गौपूजन किया

**सांचौर**,(नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बुधवार को सांचौर स्थित पथमेड़ा गौशाला में गौपूजन कर, भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

कार्यक्रम में गौधाम पथमेड़ा में गौसेवक विठ्ठल कृष्ण जी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ गौपूजन किया गया। गौ पूजन के अवसर पर 5 गाड़ी हराचारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित एवं 2 गाड़ी हराचारा पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली द्वारा घोषणा की गई। जिला मीडिया संयोजक भावेश सोनी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कल जिलाध्यक्ष नियुक्ति के पश्चात पहले सांचौर प्रवास निमित्त गौधाम पथमेड़ा में गौपूजन कर, भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की।

जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने कहा कि जालोर में भाजपा संगठन को और मजबूत कर एवं सभी कार्यकताओं को साथ लेकर जिले की जनता के विकास और सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजय के साथ इतिहास बनाएगी।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित को शुभकामनाएं प्रेषित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के नेतृत्व में जालौर भाजपा संगठित होकर प्रदेश नवीन उपलब्धियां प्राप्त करेगी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, जिला उपाध्यक्ष महेंद्रसिंह झाब, भाजपा वरिष्ठ नेता माधुसिंह धांसेडी, जिला मंत्री इंद्रसिंह राणावत, प्रवीण कुमार माली, मंडल अध्यक्ष हजारीमल पुरोहित सीलू, अर्जुनसिंह सरवाना, सांवलाराम माली, टिकम सिंह राणावत, महेंद्र सोलंकी, प्रवीण दवे, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव, गोविंद राजपुरोहित, प्रताप पुरोहित, भाखराराम विश्नोई, दलपत सिंह रणोदर, गजेन्द्र सिंह कारोला, अमराराम देवासी डबाल, सज्जनसिंह गुंदाऊ, बाबूनाथ गुदाऊं, दुर्गाराम चौधरी, किशोर सांखला, रतन खिलेरी, सांवलाराम देवासी, डूंगराराम, मांगीलाल दर्जी, भवानी सिंह चौहान, ईश्वरलाल मोदी, ललित राजपुरोहित, भूपाराम पुरोहित, मोहन लाल पुरोहित, दिनेश राजपुरोहित, गणपत पुरोहित, अमृत राजपुरोहित, भीखाराम विश्नोई, विक्रम सिंह ईरानी, जनक सिंह, विक्रम गवारिया, भूराराम पुरोहित, शैतान सिंह राव, सोहनलाल खत्री, नरसीराम सुथार, चेलाराम चौधरी, चेनाराम चौधरी, गेनाराम चौधरी, पुष्कांत मेघवाल, सुरेश वोरा, छगनलाल चौधरी, अर्जुनसिंह आमली, सहित जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीयादे माता जयंती महोत्सव की भजन संध्या आज

**जोधपुर**, (कासं)। कुम्हार (प्रजापति) समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव समिति जोधपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय भव्य समारोह का शुभारम्भ गुरुवार 30 जनवरी को विराट भजन संध्या से होगा। महोत्सव समिति के अध्यक्ष धर्मन्द्र गुड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 30 जनवरी को सायं 5.00 श्री श्रीयादे माता मन्दिर, रातानाडा पर विराट भजन संध्या आयोजित होगी। इस भजन संध्या में विश्व प्रसिद्ध लोक गायक कालूराम प्रजापति कमल व पन्नालाल टटवाडिया, चेतन भासा ऐणिया के नेतृत्व में समाज के जाने माने भजन गायक भजनों से भक्ति रस की सरिता बहाऐंगे।

# सुन्धा माता मंदिर के तीन दिवसीय कार्यक्रम 5 से

**जालोर** ,(का.सं.)। जालोर शहर डीटीओ कार्यालय के पास सि्थत माली सुंदेशा गोत्र की कुल देवी सुन्धा माता के नव निर्मित मंदिर की 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत 5 फरवरी से होगी।

सुन्धा माता मंदिर सुन्देशा माली सेवा समिति के अध्यक्ष हुकमीचंद सुंदेशा ने बताया कि जालोर के भीनमाल रोड पर स्थित आरटीओं ऑफिस के सामने मामा खेजड़ा (टेकरी) की तहलटी पर माली समाज सुन्देशा गौत्र की कुल देवी सुन्धामाता के नव निर्मित मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 5 से 7 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर मंदिर के समिति के द्वारा मंदिर व तलहटी परिसर में यज्ञ पांण्डाल सहित अन्य पांण्डाल बनाने का काम जोरो पर किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर सेवा समिति के अध्यक्ष हुकमीचंद माली, कोषाध्यक्ष गणपत सुन्देशा, सचिव तेजाराम, सावलाराम, बाबुलाल, जसराज, विनोद, शंकरलाल सुंदेशा सहित कई कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए हैं।

पहले दिन 5 फरवरी को सुन्धा माता मंदिर की तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पहले दिन 5 फरवरी को सुबह 9 बजे से जलयात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूआत होगी। जिसके बाद दोपहर 1 बजे तक मंदिर परिसर में जीव मातृका पूजन, वरूण पूजन, नव कलश पूजन,गणपति पूजन,आवाही देवता पूजन, शतचण्डी हवन, योगिनी हवन, तथा दोपहर 3 से 5 बजे तक प्रवचन एवं सत्संग का आयोजन होगा, जिसमें ऋषि ज्ञान आत्मानंद महाराज रानीवाड़ा के द्वारा प्रवचन दिया जायेगा। रात्री 9 बजे से भजन संख्या का आयोजन होगा, जिसमें अजमेर से पिंकी गहलोत, मुम्बई के गोयली से एडवोकेट प्रकाश माली व हेमलता वैष्णव के द्वारा एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी।

दुसरे दिन 6 फरवरी को सुबह 9 से 1 बजे तक गणपति पूजन, प्राण प्रतिष्ठा देवता हवन, पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। दोपहर 3 से 5 बजे तक आत्मानंद महाराज के द्वारा प्रवचन व सत्संग का आयोजन होगा। वही रात्री में भजन संध्या का आयोजन जिसमें सुमेरपुर से किशोर पालीवाल एण्ड पार्टी, जोधपुर के शीतल वैष्णव,डीसा के फुलेश देवड़ा के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। तीसरे व अन्तिम दिन 7 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव निमिते महाअभिषेक, मोबण स्थापना, तोरण स्थापना, मुख्य शिखर कलश इण्डा की स्थापना व पूजा, नव निर्मित मंदिर में पुर्ति स्थापना के साथ पुर्ण आहुर्तियों के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन होगा।

# रोजगार सहायता शिविर में 123 बेरोजगार लाभांवित

**जालोर** , (का.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के बेहतर अवसर के लिए रोजगार विभाग जालोर द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित जालोर क्लब में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जिला कलैक्टर प्रदीप के गावंडे ने शिविर में आए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे जीवन में सतत् प्रयास एवं कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले रोजगार सहायता शिविरों के माध्यम से जिले के युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने बेरोजगार युवाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करने एवं रोजगार शिविर में उपलब्ध अवसरों का लाभ लेने की बात कही।

कोषाधिकारी भूपेन्द्र मकवाना ने बताया कि निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों जैसे- श्री कृष्णा ऑटोमोबाइल्स प्रा.लि. जोधपुर द्वारा 20, एल एण्ड टी फाईनेंस लिमिटेड जोधपुर द्वार 50, यश सोल्यूशन अहमदाबाद द्वारा 100, चेतन्य इंडिया क्रेडिट प्रा.लि. जयपुर द्वारा 50, स्वतंत्र माइक्रो फिन सिरोही व भारतीय जीवन बीमा निगम जालोर द्वारा 40 पदों के लिए बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार लेकर शिविर में कुल 123 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारंभिक चयन कर लाभांवित किया।

रोजगार शिविर के दौरान आयोजित संगोष्ठी के माध्यम से "करियर के विभिन्न आयाम" विषय पर वार्ता देते हुए अम्बिका प्रसाद तिवारी ने कहा कि सरकारी व निजी क्षेत्र एवं स्वरोजगार में करियर की संभावनाएं हैं इसलिए वर्तमान परिपेक्ष्य में भारत जैसे कृषि आधारित देश में स्वरोजगार एवं कौशल का विकास युवाओं को आगे बढ़ा सकता है। संगोष्ठी के दौरान हरीश श्रीमाली ने मोटिवेशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के उपयुक्त अवसरों का लाभ लेना चाहिए। संगोष्ठी को जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने संबोधित करते हुए जालोर जिले में उद्योगों के विकास की संभावनाओं पर वार्ता दी।

इस अवसर पर आईटीआई व जिला रोजगार कार्यालय के कार्मिक भरत कुमार रावल, भजनलाल, किरण सिंह व मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बेरोजगार आशार्थी उपस्थित रहे।

# जोधपुर जिला परिषद् में ग्रामीण विकास योजनाओं पर चर्चा की

**जोधपुर**, (कासं)। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक बुधवार को जिला प्रमुख श्रीमती लीला मदेरणा की अध्यक्षता में मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुई। इसमें महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु आजीविका संवर्द्धन एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की थीम पर वार्षिक कार्य योजना, श्रम बजट का अनुमोदन किया गया और ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौर, ओसियां विधायक भैराराम चौधरी, भोपालगढ़ विधायक श्रीमती गीता बरबड़ सहित जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति प्रधान आदि जनप्रतिनिधिगण, ज़िला कलक्टर गौरव अठावाल, ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आईएएस) अक्षत कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणपतलाल सुथार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में जरूरी विकास तथा समस्या समाधान से संबंधित चर्चा की।

बैठक में जिला प्रमुख श्रीमती लीला मदेरणा ने कहा कि सभी अधिकारी संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करें व जनहितकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए ठाम्य विकास को नए आयाम दें। इसके साथ ही ग्रामीणों के उत्थान की गतिविधियों में प्रभावी कार्य करें करें ताकि ठाम्यजन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

ज़िला कलक्टर गौरव अठावाल ने जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों से हुई चर्चा में अवगत कराई गई समस्याओं एवं कार्यों के बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी पाते हुए सभी समस्याओं के अविलम्ब समाधान और कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आमजन के कार्यों के निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला कलक्टर ने शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों, मौसमी बीमारियों की रोकथाम व स्वास्थ्य, पूर्ववर्ती तीन माह के लिए चालू स्कीमों की भौतिक और वित्तीय प्रगति, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, महात्मा गांधी नरेगा योजना, जल ठाहण विकास एवं भू संरक्षण योजनाओं, रसद विभागीय योजनाओं, ग्रामीण क्षेत्र में शैक्षिक विकास एवं समस्याओं, कृषि विभागीय योजनाओं, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागीय योजनाओं आदि पर चर्चा करते हुए इनसे संबंधित समस्याओं के समाधान तथा उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रभावी प्रयासों के निर्देश दिए गए।

बैठक में श्रम रोजगार, महिला एवं बाल विकास, जोधपुर विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार, ग्राम पंचायतों के कार्यों एवं दायित्वों, पशुपालन विभागीय योजनाओं, महात्मा गांधी नरेगा योजना की वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा कर महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए जाने के साथ ही विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

## शहीद दिवस आज

जालोर, (का.सं.)। जिला मुख्यालय पर 30 जनवरी, गुरूवार को शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी सर्किल पर प्रातः 10.30 बजे शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि 30 जनवरी को कलेक्ट्रेट गांधी सर्किल पर पूर्वान्ह 10.30 बजे कार्यक्रम प्रारम्भ कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया जाएगा

# सांचोर में धरना जारी

**सांचौर**, (नि.सं.)। सांचोर जिला बचाओ संघर्ष समिति ने बताया कि आज 32 वें दिन सांचोर उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम डभाल ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा।

धरने को प्रभुराम पुरोहित, मोडसिंह राजपूत सरपंच डबाल ने भी संबोधित किया कहा की किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती हैं कि जनहित में लिए गए निर्णय किसी भी सरकार ने लिए हो प्रत्येक आने वाली सरकारे उन कार्यो को आगे बढाती हैं परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछले डेढ साल से व्यवस्थित तरीके से चल रहे सांचैर जिले को निरस्त कर बड़ी भूल की हैं। 29 दिसम्बर 2024 से आज दिनांक - 29 जनवरी 2025 को 32 वें दिन ग्राम पंचायत डभाल पंचायतवासियों ने धरने में अपनी उपस्थिति दी।

# कलैक्टर ने राऊता ग्राम में की रात्रि चौपाल

**जालोर**, (का.सं.)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को बागोड़ा उपखण्ड के राऊता ग्राम में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर बागोड़ा उपखण्ड अधिकारी हीरसिंह चारण सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को सायंकाल पुलिस थाना बागोड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।

निरीक्षण के दौरान पुलिस थाना बागोड़ा में जिला कलक्टर को पुलिसकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने पुलिस थाना में स्वागत कक्ष, मैस, कार्यालय रिकॉर्ड सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए।